राजस्थान सरकार
निदेशालय, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर

(दूरभाष नं.:–0141–2740837, फैक्स 0141–2742309, ई मेलः–jacct.dta@rajasthan.gov.in)

**क्रमांक**:-प.4(ई)(1)(6)निप/भर्ती–2023/(स्थापना)/अलेसे–III/244 दिनांकः– 15-04-2025

**आदेश संख्या 302/2025–26**

विभागीय आदेश संख्या 236/2024–25 दिनांक 11.01.2025 के क्रम संख्या 158 पर अंकित सुश्री अभिलाषा पुत्री श्री पुखराज जाजड़ा, **(रोल नंबर–700823)** को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्ति दी जाकर कार्यालय कोषाधिकारी नागौर में पदस्थापन किया गया था। जिसकी अनुपालना में सुश्री अभिलाषा द्वारा दिनांक 20.01.2025 को कार्यग्रहण किया था। कार्यालय कोषाधिकारी नागौर के पत्रांक 553–54 दिनांक 29.03.2025 द्वारा अवगत करवाया गया है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य (अंग्रेजी) परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण होने के पश्चात साक्षात्कार एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु निदेशालय के आदेश क्रमांक 5669–70 दिनांक 19.03.2025 द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किया गया है। आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के आदेश दिनांक 27.03.2025 द्वारा सुश्री अभिलाषा को राजकीय महाविद्यालय नागौर में सहायक आचार्य (अंग्रेजी) के पद पर अनन्तिम नियुक्ति दिये जाने पर इन्होनें कनिष्ठ लेखाकार पद से कार्यमुक्त होने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः सुश्री अभिलाषा को उनके आवेदन के आधार पर राजकीय महाविद्यालय नागौर में सहायक आचार्य (अंग्रेजी) के पद पर कार्यग्रहण करने हेतु कनिष्ठ लेखाकार के पद से कार्यमुक्त करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। सुश्री अभिलाषा नियमानुसार वर्तमान पदस्थापित कार्यालय कोषाधिकारी नागौर से कार्यमुक्त होने के पश्चात् ही नवीन पदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण कर सकेगी।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
सयुंक्त शासन सचिव

**क्रमांक**:-प.4(ई)(1)(6)निप/भर्ती–2023/(स्थापना)/अलेसे–III/244 दिनांकः– 15-04-2025

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. संयुक्त शासन सचिव,वित्त **(राजस्व)** विभाग,शासन सचिवालय,जयपुर।
2. कोषाधिकारी नागौर।
3. उप विधि परामर्शी, कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
5. उपनिदेशक **(एसीपी)** को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. सुश्री अभिलाषा पुत्री श्री पुखराज जाजड़ा, (रोल नंबर–700823) कनिष्ठ लेखाकार **(परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी)** कार्यालय कोषाधिकारी नागौर।
7. पदस्थापन/नियुक्ति कार्मिक
8. रक्षित/निजी पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)